हिन्दुस्तान 02
शनिवार, 18 जून 2022
www.livehindustan.com

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय में शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण और छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई, कढ़ाई परिधान डिजाइन, टैली सर्टिफिकेशन कोर्स लेवल-2 और पार्लर कोर्स के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में डॉ. अरविंद सूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र गुप्ता जी, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव मुख्य अतिथि अजय गौड़, मुख्य वक्ता देव प्रसाद मौजूद रहे।